**आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में दिनांक 14.11.2024 को आहूत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के विशेष बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :–**

1. श्री सरवणन एम0, आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुज़फ्फरपुर।
2. श्री सुरेन्द्र प्रसाद, संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।
3. श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्त्ता (राजस्व), मुजफ्फरपुर – सदस्य।

**कार्यवाही:–**

**1.** आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारीगण/आवेदकगण का स्वागत करते हुये बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**2.** विगत बैठक दिनांक 30.10.2024 की कार्यवाही के अनुपालन का निदेश दिया गया।

**3.** सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर को प्राधिकार द्वारा प्रदत्त शक्ति के तहत किए गए कार्यों की सूचना ग्रहित की गयी एवं उसका अनुमोदन किया गया।

**4.** सभी सदस्यों द्वारा परमिट निर्गत करने से संबंधित परिपत्र एवं अधिसूचना आदि का अवलोकन किया गया, जो इस प्रकार है :–

| क्र0 | परिपत्र/अधिसूचना संख्या एवं दिनांक | विषय |
|---|---|---|
| 1 | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 1377 दिनांक 06.04.2018 | वाहनों के अधिकतम गति सीमा के संबंध में। |
| 2 | परिवहन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 6281 दिनांक 02.09.2020 | क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगण की नियुक्ति। |
| 3 | उप परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना का पत्रांक 1932 दिनांक 12.03.2021 | राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन हेतु क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का निर्देश एवं शपथ–पत्र, वांछित कागजात। |
| 4 | बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित अधिसूचना संख्या 615 दि0 29.10.1985, ज्ञापांक 11715 दि0 05.10.1991 | राष्ट्रीयकृत मार्गों पर परिचालन के संबंध में। |
| 5 | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक RT-11036/09/2023-MVL दिनांक 02.01.2023 | वाहनों को Flagging / Blacklisting करने के संबंध में। |
| 6 | सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना का पत्रांक 4548 दिनांक 14.06.2023 | बसों के दोनों तरफ परमिट विवरणी अंकित करने के संबंध में। |
| 7 | सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार, बिहार, पटना का पत्रांक 5549 दिनांक 14.07.2023 | सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों में VLTDB स्थापित एवं सक्रिय होने के संबंध में। |
| 9 | परिवहन विभाग, बिहार अधिसूचना संख्या 8866 दिनांक 09.07.2024 | मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के अन्तर्गत कुल–2005 नये अन्तर्क्षेत्रीय मार्गों को अधिसूचित करने के संबंध में। |

5 प्राधिकार की बैठक दिनांक 30.03.2023 में प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु पर समय अन्तराल पूर्व से निर्गत परमिट के प्रस्थान समय से पहले 5 मिनट एवं बाद 2 मिनट (पटना एवं मुजफ्फरपुर के लिए पहले या बाद मे 2 मिनट) एवं मध्य बिन्दु पर पहले या बाद में 1 मिनट निर्धारित था। इस बिन्दु पर विस्तार से विचार –विमर्श किया गया तथा परमिट हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या, यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा, बस पड़ाव में भीड़–भाड़ की स्थिति तथा वाहन स्वामियों से प्राप्त अनुरोध एवं सुझाव को देखते हुए इसमें संशोधन

करने की आवश्यकता महसूस की गयी तथा प्राधिकार द्वारा सर्वसम्मति से समय अन्तराल को निम्नवत् संशोधित करने का निर्णय लिया गया, जो प्राधिकार की आगामी बैठक हेतु प्राप्त नये आवेदनों से अनुमान्य होगा।

**(क) प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु पर न्यूनतम समय अन्तराल :–** किसी वाहन का पूर्व से निर्गत परमिट अथवा किसी वाहन का परमिट हेतु पहले प्राप्त आवेदन (स्वीकृत होने की स्थिति में) के प्रस्थान समय से पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(i) पटना या मुजफ्फरपुर से किसी भी मार्ग पर परिचालित वाहनों के प्रस्थान समय के पहले या बाद में न्यूनतम 3 (तीन) मिनट समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(ii) पटना या मुजफ्फरपुर छोड़कर किसी अन्य पड़ाव स्थल से परिचालित वाहनों के लिए मार्ग भिन्न होने की स्थिति में यदि कॉमन रूट-40 प्रतिशत से कम हो तब भी प्रारंभिक स्थल पर पहले या बाद में न्यूनतम समय अन्तराल 3 (तीन) मिनट अनुमान्य होगा। यदि कॉमन रूट 40 प्रतिशत से अधिक हो तो प्रारंभिक स्थल पर पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

**(ख) मध्य बिन्दु पर न्यूनतम समय अन्तराल :–**किसी वाहन का पूर्व से निर्गत परमिट अथवा किसी वाहन का परमिट हेतु पहले प्राप्त आवेदन (स्वीकृत होने की स्थिति में) के प्रस्थान समय से पहले या बाद में (Before/After) न्यूनतम 03 (तीन) मिनट का समय अन्तराल अनुमान्य होगा।

(i) पूर्व से निर्गत परमिट वाले वाहन का मध्य बिन्दु एवं आवेदित वाहन का प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु होने की स्थिति में समय अन्तराल पहले या बाद में 03 (तीन) मिनट अनुमान्य होगा।

(ii) पूर्व से निर्गत परमिट वाले वाहनों का प्रारंभिक/मुख्य बिन्दु एवं आवेदित वाहन का मध्य बिन्दु होने की स्थिति में समय अन्तराल पहले (Before) न्यूनतम 07 मिनट और बाद में (After) न्यूनतम 05 (पाँच) मिनट (पटना या मुजफ्फरपुर छोड़कर) अनुमान्य होगा, परन्तु कंडिका 5 (क) (ii) प्रभावी रहेगा।

6 प्रशासक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के पत्रांक 3524 दिनांक 29.10.2024 द्वारा बिहार के दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों के आवागमन हेतु टाटा मोटर्स से प्राप्त कुल 44 बसों के परिचालन निमित्त 44 विभिन्न मार्गों की सूची संलग्न करते हुए बसों का परमिट निर्गत करने का अनुरोध किया गया, जिसके अनुपालन में बी0एस0आर0टी0सी0 मुजफ्फरपुर द्वारा माह नवम्बर 2024 में 6 (छः) आवेदन समर्पित किया गया है। उक्त के आलोक में प्राधिकार द्वारा बैठक आहूत कर परमिट हेतु आवेदन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| प्राप्त आवेदन | स्वीकृत | अस्वीकृत |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 0 |

**स्वच्छ एवं स्वस्थ व्यवस्था बनाने में वाहन स्वामियो, आपत्तिकर्त्ताओं एवं अन्य पक्षकारों से अपेक्षाओं के साथ अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।**

| | | |
|---|---|---|
| अपर समाहर्त्ता, (राजस्व) मुजफ्फरपुर। | 14.11.24<br>संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर। | 14/11/2024<br>आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर। |

ज्ञापांक 4210 / मुजफ्फरपुर, दिनांक 14.11.24 /

प्रतिलिपि :– सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि :– राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि :– सभी जिला पदाधिकारी, तिरहुत प्रमण्डलांतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पटना/दरभंगा/छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– प्रशासक, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, परिवहन परिसर फुलवारीशरीफ पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी जिला परिवहन पदाधिकारी/सभी अपर जिला परिवहन पदाधिकारी/सभी मोटरयान निरीक्षक/सभी प्रवर्त्तन निरीक्षक/सभी प्रवर्त्तन अवर निरीक्षक, तिरहुत प्रमण्डलांतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ/अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

14.11.24

**संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,**
**क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।**

# क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की बैठक

## प्राधिकार का विशेष बैठक

**दिनांक–14.11.2024 की कार्यावली।**

**समयः–04:30 बजे अपराहन् से,**

**स्थानः–आयुक्त कार्यालय, प्रकोष्ठ**

[illegible] बैठक की कार्यावली — नवम्बर–2024

| क्र0 | एजेंडा क्रमांक | वाहन स्वामी का नाम, पता एवं बैनर | वाहन संख्या/निबंधन की तिथि एवं मॉडल | मान्य कागजात की वैधता | मार्ग एवं समय सारणी | आपत्ति | आपत्तिकर्त्ता के वाहन का विवरण। | अभ्युक्ति | कार्यालय अभ्युक्ति वाले वाहन का विवरण | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पता–परिवहन भवन बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम–बि0रा0प0प0 नि0 | बी.आर. 06 पी. जी.–4757<br>28.10.2024<br>मॉडल–2024 | बी.आर. 06 पी. जी.4757<br>टैक्स–22.01.2025<br>फिटनेश–27.10.2026<br>इन्श्युरेंस–06.10.2025<br>प्रदूषण–27.10.2025<br>वीएलटीडी–19.12.2026<br>एच0एस0आर0पी0–हाँ।<br>जुर्माना–नहीं। | मार्ग संख्या–2148<br>अरेराज से पटना।<br>भाया–खजुरिया, केशरिया, साहेबगंज, देवरिया, छपरा, हाजीपुर।<br>प्रतिदिन एक खेप जाना आना।<br>अरेराज प्र0–05:39<br>पटना प्र0–17:10 | आपत्ति अप्राप्त। | | | | स्वीकृत। |
| 2 | 13 | बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पता–परिवहन भवन बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम–बि0रा0प0प0 नि0। | बी.आर. 06 पी. जी.–4758<br>28.10.2024<br>मॉडल–2024 | बी.आर. 06 पी.जी.–4758<br>टैक्स–22.01.2025<br>फिटनेश–27.10.2026<br>इन्श्युरेंस–06.10.2025<br>प्रदूषण–27.10.2025<br>वीएलटीडी–19.12.2026<br>एच0एस0आर0पी0–हाँ।<br>जुर्माना–नहीं। | मार्ग संख्या–4821 डाउन।<br>सीतामढ़ी से पटना।<br>भाया–डुमरा, लगमा, प्रेमनगर बाईपास, रुनीसैदपुर, खनौटघाट, पिपराघाट, झपहाँ, मुजफ्फरपुर बैरिया, भगवानपुर, सरैया, जतकौलीघाट, लालगंज, सराय, हाजीपुर।<br>प्रतिदिन एक खेप जाना आना।<br>सीतामढ़ी प्र0–07:01<br>पटना प्र0–16:30 | आपत्ति अप्राप्त। | | | | स्वीकृत। |

| क्र0 | एजेंडा क्रमांक | वाहन स्वामी का नाम, पता एवं बैनर | वाहन संख्या/निबंधन की तिथि एवं मॉडल | मान्य कागजात की वैधता | मार्ग एवं समय सारणी | आपत्ति | आपत्तिकर्त्ता के वाहन का विवरण। | अभ्युक्ति | कार्यालय अभ्युक्ति वाले वाहन का विवरण | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 15 | **बिहार राज्य पथ परिवहन निगम,** **पता–परिवहन भवन** बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम--बि0रा0प0प0 नि0। | **बी.आर. 06 पी. जी.–4759** 28.10.2024 मॉडल–**2024** | **बी.आर. 06** पी.जी.–4759<br>**टैक्स–22.01.**2025<br>फिटनेश–**27.10.**2026<br>**इन्शुरेंस–06.10.**2025<br>**प्रदूषण–27.10.20**25<br>**वीएलटीडी–19.12.**2026<br>**एच0एस0आर0पी0**–हाँ।<br>जुर्माना–**नहीं।** | मार्ग संख्या–4821 डाउन।<br>सीतामढ़ी से पटना।<br>भाया–डुमरा, लगमा, प्रेमनगर बाईपास, रूनीसैदपुर, खनौटघाट, पिपराघाट, झपहाँ, मुजफ्फरपुर बैरिया, भगवानपुर, सरैया, जतकौलीघाट, लालगंज, सराय, हाजीपुर।<br>प्रतिदिन एक खेप जाना आना।<br>सीतामढ़ी प्र0–05:31<br>पटना प्र0–12:55 | आपत्ति अप्राप्त। | | | | स्वीकृत। |
| 4 | 16 | बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पता–परिवहन भवन बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम–बि0रा0प0प0 नि0। | बी.आर. 06 पी. जी.–4756 28.10.2024 मॉडल–2024 | बी.आर. 06 **पी.जी.–47**56<br>टैक्स–22.01.**2025**<br>फिटनेश–27.10.**2026**<br>इन्शुरेंस–06.10.**2025**<br>प्रदूषण–27.10.2025<br>वीएलटीडी–19.12.20**26**<br>एच0एस0आर0पी0–हाँ।<br>जुर्माना–नही। | मार्ग संख्या–417 डाउन।<br>रक्सौल से पटना।<br>भाया–सुगौल, मोतिहारी, इमली, चट्टी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर।<br>प्रतिदिन एक खेप आना जाना।<br>रक्सौल प्र0–06:57<br>पटना प्र0–19:00 | आपत्ति अप्राप्त। | | | | स्वीकृत। |

| क्र0 | एजेंडा क्रमांक | वाहन स्वामी का नाम, पता एवं बैनर | वाहन संख्या/निबंधन की तिथि एवं मॉडल | मान्य कागजात की वैधता | मार्ग एवं समय सारणी | आपत्ति | आपत्तिकर्त्ता के वाहन का विवरण। | अभ्युक्ति | कार्यालय अभ्युक्ति वाले वाहन का विवरण | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 23 | बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पता–परिवहन भवन बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम–बि0रा0प0प0 नि0। | बी.आर. 06 पी. जी.–4773<br>28.10.2024<br>मॉडल–2024 | बी.आर. 06 पी.जी.–4773<br>टैक्स–22.01.2025<br>फिटनेश–27.10.2026<br>इन्शुरेंस–06.10.2025<br>प्रदूषण–27.10.2025<br>वीएलटीडी–19.12.2026<br>एच0एस0आर0पी0–हॉ।<br>जुर्माना–नही। | मार्ग संख्या–418<br>पटना से भैसालोटन।<br>भाया–हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, लौरिया, बगहा, वाल्मिकिनगर।<br>प्रतिदिन एक खेप आना जाना।<br>पटना प्र0–08:30<br>भैसालोटन प्र0–19:03 | आपत्ति अप्राप्त। | | | | स्वीकृत। |

| क्र0 | एजेंडा क्रमांक | वाहन स्वामी का नाम, पता एवं बैनर | वाहन संख्या/निबंधन की तिथि एवं मॉडल | मान्य कागजात की वैधता | मार्ग एवं समय सारणी | आपत्ति | आपत्तिकर्त्ता के वाहन का विवरण। | अभ्युक्ति | कार्यालय अभ्युक्ति वाले वाहन का विवरण | निर्णय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 24 | बिहार राज्य पथ परिवहन निगम,<br>पता–परिवहन भवन बीरचन्द्र पटेल पथ पटना।<br><br>बैनर का नाम–बि0रा0प0प0 नि0। | बी.आर. 06 पी. जी.–4755<br>28.10.2024<br>मॉडल–2024 | बी.आर. 06 पी.जी.–4755<br>टैक्स–22.01.2025<br>फिटनेश–27.10.2026<br>इन्शुरेंस–06.10.2025<br>प्रदूषण–27.10.2025<br>वीएलटीडी–19.12.2026<br>एच0एस0आर0पी0–हॉ।<br>जुर्माना–नही। | मार्ग संख्या–0418<br>पटना से भैसालोटन।<br>भाया–हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, लौरिया, बगहा, वाल्मिकिनगर।<br>प्रतिदिन एक खेप आना जाना।<br>पटना प्र0–03:45<br>भैसालोटन प्र0–13:30 | 1. आपत्तिकर्त्ता, श्री आदित्य कुमार,<br>वाहन संख्या–बी0आर0 22 पी0ए0–5845<br>परमिट संख्या–बी0आर0 2024 एस0सी0–2021A<br>परमिट वैधता–06.10.2029, मार्ग संख्या–3814,<br>बगहा स्टेशन से बेतिया।<br>आवेदनकर्त्ता बेतिया प्र0–09:23<br>आपत्तिकर्त्ता बेतिया प्र0–09:26<br>समय अन्तराल 03 मिनट।<br>आपत्तिकर्त्ता का कहना कि बेतिया मेरा प्रारंभ बिन्दु है। प्राधिकार द्वारा प्रारंभ बिन्दु पर समय अन्तराल पहले 07 मिनट तथा बाद में 05 मिनट अनिवार्य है।<br><br>2. आपत्तिकर्त्ता, श्रीमती पूनम देवी,<br>वाहन संख्या–बी0आर0 06 पी0बी0–7445<br>परमिट संख्या–बी0आर0 2024 एस0सी0–2070A<br>परमिट वैधता–07.10.2029, मार्ग संख्या–3589,<br>वाल्मिकीनगर से डोमवलिया।<br>आवेदनकर्त्ता वाल्मिकीनगर प्र0–13:40<br>आपत्तिकर्त्ता वाल्मिकीनगर प्र0–13:39<br>समय अन्तराल 01 मिनट।<br>आपत्तिकर्त्ता का कहना कि वाल्मिकीनगर मेरा प्रारंभ बिन्दु है। प्राधिकार द्वारा प्रारंभ बिन्दु पर समय अन्तराल पहले 07 मिनट तथा बाद में 05 मिनट अनिवार्य है। | 1. बी0आर0 22 पी0ए0–5845<br>टैक्स–14.01.2025<br>फिटनेश–17.07.2025<br>इन्शुरेंस–17.07.2025<br>प्रदूषण–03.08.2025<br>वीएलटीडी–23.07.2025<br>एच0एस0आर0पी0–हॉ।<br>जुर्माना–नही।<br><br>2. बी0आर0 06 पी0बी0–7445<br>टैक्स–01.01.2025<br>फिटनेश–01.02.2025<br>इन्शुरेंस–13.04.2025<br>प्रदूषण–03.09.2025<br>वीएलटीडी–05.01.2025<br>एच0एस0आर0पी0–नहीं।<br>जुर्माना–नही। | 1. आपत्ति एक के संदर्भ में आवेदक एवं आपत्तिकर्त्ता का मार्ग भिन्न है एवं कॉमन रूट 40% से कम है।<br>› पटना से भैसालोटन की दूरी 215 कि0मी0<br>› बेतिया से बगहा की दूरी 65 कि0मी0 कॉमन रूट 30%<br>› प्राधिकार की बैठक दिनांक 30.10.2024 की कार्यवाही के कंडिक 6(क) (ii) एवं 6(ख) के आलोक में मध्य बिन्दु पर समय अन्तराल 03 मिनट अनुमान्य है।<br>› अतः आपत्ति मान्य नहीं है।<br><br>2. आपत्ति दो के संदर्भ में आवेदक एवं आपत्तिकर्त्ता का मार्ग भिन्न है एवं कॉमन रूट 40% से कम है।<br>› समय अन्तराल 03 मिनट अनुमान्य है।<br>› अतः आपत्ति मान्य है। | | आपत्ति 2 के आलोक में वाल्मिकीनगर बाईपास के साथ स्वीकृत।<br><br>आपत्तिकर्त्ता 2 के वाहन का HSRP Update नहीं रहने के कारण रू0 5000/– जूर्माना अधिरोपित। |

(हस्ताक्षर)

अपर समाहर्त्ता (राजस्व)
–सह–सदस्य क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

(हस्ताक्षर) 14.11.24

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

(हस्ताक्षर) 14/11/2024

आयुक्त–सह–अध्यक्ष,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।